NZ-21018 Seat No.________

Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

February – 2017

Hindi : Paper - 11

(Essay) (New Course)

Time : 3 Hours] [Total Marks : **100**

सूचना :

(१) प्रथम और दूसरे विवरणात्मक प्रश्न के १५ अंक हैं ।

(२) ससन्दर्भ व्याख्या के ३० अंक है ।

(३) लघुत्तरी प्रश्न चार या पाँच वाक्य में प्रश्न के अंक २० है ।

(४) अति लघुत्तरी और रिक्तस्थानों की पूर्ति के २० अंक है ।

१ एक श्रेष्ठ हास्य–व्यंग्य प्रधान निबंध के रूप में "मैं धोबी हूँ" – निबंध का मूल्यांकन कीजिए । १५

अथवा

१ 'अशोक के फूल' निबंध के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए । १५

२ 'मेरी शादी' निबंध का सारांश लिखते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । १५

अथवा

२ 'चीनी फेरीवाला' रेखाचित्र के आधार पर चीनी फेरीवाला का शब्दचित्र अंकित कीजिए । १५

३ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं तीन) ३०

(१) मेरे भ्रमण की भी एकान्त साथिन भक्तिन ही रही हैं । बदरी–केदार आदि के ऊँचे–नीचे और तंग पहाडी रास्ते में जैसे वह हठ करके मेरे आगे चलती रही है, वैसे ही गाँव की धूलभरी पगदंडी पर मेरे पीछे रहना नही भूलती ।

(२) सबके खाने के पात्र से बचा उच्छिष्ट एक तामचीनी के टेढे–मेढे बरतन में सिगार से जगह–जगह जले हुए कागज से ढलकर रख दिया जाता था, जिसे वह हरी आँखोवाली काली बिल्ली के साथ मिलकर खाता था ।

(३) रात को दोनों माँ–बेटे जमीन पर दरी बिछाकर मेरे तख्त के पास ही सो रहते । बहुत कहने–सुनने पर भी मुन्नू की माई ने धरती पर सोने का अभ्यास छोड़ना स्वीकार नहीं किया ।

(४) कल्पवासी एक ही बार खाते और माध के कडकडाते जाड़े में भी आग न तापने के नियम का पालन करते । इस नियम के मूल में कुछ तो लकड़ी का महँगापन और अन्न का अभाव रहता है और कुछ तपस्या की परम्परा ।

४ किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्य में दीजिए : २०

(१) भक्तिन किससे डरती थी ? क्यों ?

(२) रात क्यों अच्छी होती है ?

(३) जेब और दिल का निकट का सम्बन्ध क्यों है ?

(४) कैकटस और आधुनिक साहित्य में क्या साम्य है ?

(५) आज हमारे देश को कैसे साहित्य की जरूरत है ?

(६) रवीन्द्रनाथ ने भारत को विचित्र देश की संज्ञा क्यों दी है ?

(७) हिन्दी को किस प्रकार गौरव युक्त स्थान देना चाहिए ?

(८) दहेज के सम्बन्ध में नंदजी दूबे ने क्या व्यंग्य किया है ?

५ (अ) **एक–एक** वाक्य में उत्तर दीजिए : १०

(१) 'रात' निबंध के निबंधकार का नाम क्या है ?

(२) 'अशोक के फूल' निबन्ध संग्रह में कुल कितने निबंध है ?

(३) प्रभाकर माचवे के निबंध का नाम क्या हैं ?

(४) 'वसंत आ गया है' निबन्ध में आज के युवाओं में क्या नहीं है ?

(५) अशोक के फूल के कितने रंग होते है ?

(६) 'स्मृति की रेखाएँ' के रचनाकार का नाम क्या है ?

(७) प्रो. नंदजी दूबे ने कौन–सा निबंध लिखा है ?

(८) शिवपूजन सहाय के निबंध का क्या नाम है ?

(९) भक्तिन सेवक–धर्म के रूप में किससे स्पर्धा करती है ?

(१०) तिलक का अर्थ आज क्या हो गया है ?

(ब) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : १०

(१) भक्तिन का असली नाम क्या था ?

(धनपतिया, लक्ष्मी, दूबरिया)

(२) 'कैकटस' निबंध के लेखक का नाम ________ है ।

(प्रभाकर माचवे, नंदजी दूबे, धर्मवीर भारती)

(३) लेखक के मतानुसार भगवान भी ________ है ।

(धोबी, सर्जक, असर्जक)

(४) महादेवी वर्मा गद्य लेखिका के साथ–साथ ________ युग की प्रसिद्ध कवयित्री भी हैं ।

(प्रयोगवाद, छायावाद, द्विवेदीयुग)

(५) ________ कई बार आदत हो जाती है ।

(घूसणखोरी, वेश्यावृत्ति, संग्रहवृत्ति)

(६) ________ एक बार ही खाते है ।

(कल्पवासी, उपवासी, भूखा)

(७) ठकुरीबाबा अपने ________ के प्रतिनिधि है ।

(घर, समाज, परिवार)

(८) गुँगिया का असली नाम ________ था ।

(धनपतियाँ, लक्ष्मिन, भक्तिन)

(९) महादेवी ने ________ पत्रिका का संपादन किया था ।

(सरस्वति, चाँद, मधुमती)

(१०) मुन्नु के बाप का नाम ________ था ।

(हथई, रामा, हुलासी)